**भाखड़ा ब्यास प्रबन्ध बोर्ड सचिवालय**

**सेक्टर 19-बी, मध्य मार्ग, चण्डीगढ़-160019**

**प्रैस विज्ञप्ति दिनांक 29.03.2020**

**विषयः बीबीएमबी कोरोना (कोविड-19) के विरूद्ध राष्ट्र की लड़ाई के लिए स्वयं प्रदान कर रहा है सेवाएं**

**चण्डीगढ़:** बीबीएमबी तीन सप्ताह के राष्ट्र व्यापी लॉकडाउन के दौरान कोरोना वायरस (कोविड-19) के विरूद्ध राष्ट्र की लड़ाई के लिए स्वयं सेवाएं प्रदान कर रहा है। बीबीएमबी केवल अस्पताल सुविधाएं और एम्बुलेंस ही उपलब्ध नहीं करा रहा है बल्कि गरीब लोगों को करियाना तथा खाना उपलब्ध करा कर भी सहायता कर रहा है। बीबीएमबी नंगल, तलवाड़ा और सुन्दरनगर टाउनशिप को सैनिटाइज़ करने में आदमी तथा मशीनरी उपलब्ध करा कर स्थानीय प्रशासन की सहायता भी कर रहा है।

बीबीएमबी ने नंगल, तलवाड़ा और सुन्दरनगर में अपने अस्पतालों में फ्लू ज़ोन स्थापित किए हैं जो आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए उपकरणों से सुसज्जित है। अस्पताल के 70% बैड किन्हीं असाधारण परिस्थितियों से निपटने के लिए तैयार किए गए हैं। बीबीएमबी के सभी परियोजना केन्द्रों पर आइसोलेशन वार्डों में आक्सिज़न सिलेंडर, एन-95 मॉस्क, प्रोटेक्शन किट, इन्फ्रारेड थर्मामीटर, हैंड सैनीटाइज़र तथा आपातकालीन दवाएं आदि से सुसज्जित है। बीबीएमबी टाउनशिप में कुछ खाली घरों को क्वारनटाइन उददेश्य हेतु आइसोलेशन रुम में बदला गया है। अस्पताल के पूरे क्षेत्रों को नियमित रूप से सैनीटाइज़ किया जा रहा है। बीबीएमबी के सभी परियोजना केन्द्रों पर प्रत्येक नागरिक को सुविधा प्रदान करने के लिए एम्बुलेंस उपलब्ध कराई गई है।

प्रत्येक परियोजना केन्द्र के प्रभारी मुख्य अभियन्ता को कोविड-19 के कारण आने वाली किसी आपातकालीन स्थिति से निपटने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। कोविड-19 से संबंधित किसी भी आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए पर्याप्त फंड उपलब्ध कराए जा रहे हैं। डाक्टरों और पैरा मेडिकल स्टॉफ की सेवानिवृत्ति को स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, पंजाब के पैट्रन पर एक बार के लिए 30.9.2020 तक बढ़ा दिया गया है।

सचिव

सेवा में

समाचार सम्पादक